F.No.-24(3)/2016-कागज़
भारत सरकार
उधोग एवं वाणिज्य मंत्रालय
वाणिज्य नीति और संवर्धन विभाग
(कागज़ अनुभाग)
*****

उद्योग भवन, नई दिल्ली
दिनांक 3 जून ,2016

सेवा में,
प्रधान सूचना अधिकारी,
केंद्रीय लुग्दी एवं कागज अनुसंधान संस्थान,
पोस्ट बॉक्स नं .174,
हिम्मत नगर,
सहारनपुर- 247001 (यू .पी)

विषय:- सूचना का अधिकार के तहत आवेदन-पत्र

मुझे उपरोक्त विषय पर श्री संजीव कुमार का दिनांक 19.05.2016 के सूचना का अधिकार, 2005 के पत्र की प्रतिलिपि सी.पी.पी.आर.आई को भेजने का निदेश हुआ है। चूँकि मामला संस्थान से सम्बंधित है अतः आवेदन पत्र प्रधान सूचना अधिकारी, सी.पी.पी.आर.आई, सहारनपुर को सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 6(3) के अंतर्गत स्थानांतरित किया जा रहा है अतः आपसे अनुरोध है कि इस बिषय में प्रार्थी को सीधे सूचना उपलब्ध करायें तथा इस विभाग को भी सूचित करें ।

भवदीय

संलग्नक : यथा उपरोक्त

2/6/16

(मु. ज़कारिया खान युसुफजई)
वरिष्ठ विकास अधिकारी
दू.सं:- 23062017

प्रतिलिपि सूचनार्थ :- 1. श्री संजीव कुमार, पुत्र अजमेर सिंह, निवासी- ग्राम शेखपुरा कदीम पेपर मिल रोड, निकट शिवमंदिर सहारनपुर, उत्तर प्रदेश।

2. सुब्रतो हाजरा, अवर सचिव एवं केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी, दू.सं:- 2338 2590, प्रधान मंत्री कार्यालय साऊथ ब्लाक, नई दिल्ली-110011 पत्र सं. आरटीआई/4849/2016-पीएमआर दिनांक 27/05/2016 के सन्दर्भ में ।

सूचना का अधिकार 52

प्रधान मंत्री कार्यालय

साउथ ब्लाक, नई दिल्ली - 110 011

दिनांक: 27/5, 2016

संख्या आरटीआई/4849/2016-पीएमआर

कार्यालय ज्ञापन

विषय - सूचना का अधिकार के तहत आवेदन-पत्र

उपर्युक्त विषय पर श्री संजीव कुमार से प्राप्त दिनांक 19.5.2016 का आवेदन-पत्र, जो इस कार्यालय में दिनांक 24.5.2016 को प्राप्त हुआ है, सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 6(3) के तहत यथोचित कार्रवाई हेतु अंतरित किया जा रहा है।

2. आवेदक से आवेदन-शुल्क प्राप्त हो गई है।

262/SIPP/PMO/2016
3015

सुब्रतो हाजरा

(सुब्रतो हाजरा)
अवर सचिव एवं
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
e-mail: rti-pmo.applications@gov.in
☎: 2338 2590

सचिव, भारत सरकार
औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग
उद्योग भवन, नई दिल्ली

प्रति- (स्पीड पोस्ट ए.डी. द्वारा)

श्री संजीव कुमार
पुत्र श्री अजमेर सिंह
निवासी ग्राम शेखपुर कदीम
पेपर मिल रोड
निकट शिवमंदिर, सहारनपुर
उत्तर प्रदेश

कृपया आप इस संबंध में आगे सूचना हेतु उपरोक्त लोक प्राधिकरण से सम्पर्क करें।

JS(S)

US(BKJ)

1/6/2016

1.6.16

4849_25/5/16

4849/16 53

सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत आवेदन

सेवा में,

मान्नीय आदरणीय प्रधानमंत्री जी,

भारत सरकार नई दिल्ली।

महोदय,

निवेदन यह है कि सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्रार्थी निम्नलिखित सूचना प्राप्त करने के लिए आवेदन करता है:—

उत्तर प्रदेश के जनपद सहारनपुर में भारत सरकार का उपक्रम केन्द्रीय कागज अनुसंधान संस्थान (CPPRI) की स्थापना के लिए किसानों की जमीन का अग्रिहण किया गया था। लगभग 25 वर्ष पहले अधिग्रहण की गई जमीन लगभग पांच सौ पचास बीघा है। लगभग 100 बीघा जमीन के अंदर संस्थान का कार्यालय व संस्थान की सभी तरह की बिल्डिंग व भवन, आवासीय व अनावासीय भवन बने हुए है। बाकी शेष जमीन लगभग चार सौ पचास बीघा जो कि अभी तक खाली पड़ी है। जिसका किसी प्रकार का संस्थान हित में या किसान हित में इस्तेमाल नहीं हो रहा है। और इस जमीन की चारों तरफ संस्थान द्वारा चारदिवारी भी करायी गयी है। श्रीमानजी अधिग्रहण की गयी जमीन का किसानों को 25 वर्ष बीत जाने के बाद भी किसानों का पूर्ण भुगतान अभी तक नहीं किया गया है और न ही खाली पड़ी जमीन पर संस्था द्वारा कोई प्लानिंग के अनुरूप कोई कार्य कराया गया है, जिस प्लानिंग के अनुरूप संस्थान ने पांच सौ बीघा जमीन अधिग्रहण की थी।

अतः महोदय जी से अनुरोध है कि खाली पड़ी जमीन को किसानों को खेती करने के लिए दे दी जाये जब तक संस्थान द्वारा खाली पडी जमीन पर किसी प्रकार का प्रोजेक्ट या संस्थान हित में कोई भवन निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो जाता या संस्थान के अंदर राष्ट्रहित में विश्वविद्यालय

DIPP

क्रमशः

ACT

46482
24/05/16

29/05/16

441520

IPO No - 36F 547040 ₹10/-

मेडिकल कालेज या पर्यावरण प्रदूषण व जल का संकट व पानी की कमी दूर करने के लिए कोई अच्छा प्रोजेक्ट लगाये जिसका आम आदमी को लभ मिले। या किसानों को खाली पडी चार सौ पचास बीघा जमीन किसानों को उनकी जमीन जिन किसानों की जमीन अधिग्रहण की गयी थी उन किसानों को खाली पडी जमीन खेती के लिए मिल सकती है या नहीं और संस्थान को जब सौ बीघा जमीन से ही संस्थान को पूर्ण रूप से चलाया जा सकता था तो संस्थान ने पांच सौ पचास बीघा जमीन अधिग्रहण किस कारण से की बताने का कष्ट करें।

आपकी अति कृपा होगी।

संजीव कुमार
प्रार्थी
संजीव कुमार

दिनांकः 19.05.2016

संलग्नकः

पो0आर्डर सं0 36एफ–~~547040~~

रुपये 10/– संलग्न है। 547040 संजीव कुमार

संजीव कुमार पुत्र अजमेर सिंह
निवासी ग्राम शेखपुरा कदीम
पेपर मिल रोड,
निकट शिवमंदिर
सहारनपुर।